रख ले सेवादार | by Tezi Brothers

रख ले सेवादार सांवरे रख ले सेवादार
तेरे धाम की मैं करूँ चाकरी बनके तेरा दास
रख ले सेवादार.....

सुन्दर सुन्दर फूलों से मैं तुझको रोज़ सजाऊँ
हाँ तुझको रोज़ सजाऊँ
इत्तर की खुशबू से बाबा दर तेरा महकाऊँ
हाँ दर तेरा महकाऊँ
तेरे धाम की मैं करूँ चाकरी बनके तेरा दास सांवरे
रख ले सेवादार सांवरे रख ले सेवादार

आँखों के आंसू मैं बाबा तुझको भेंट चढ़ाऊँ
हाँ तुझको भेंट चढ़ाऊँ.....
मीठे मीठे भजनो से मैं तुझको रोज़ रिझाऊं
हाँ तुझको रोज़ रिझाऊं.....
मन मंदिर में तेरा वास है, दूजा न कोई और सांवरे
रख ले सेवादार सांवरे रख ले सेवादार

खाटू की पावन गलियों में गूँज रहा जैकारा
इस दुनिया में बाबा तू ही हारे का है सहारा
बिन मांगे ही सब कुछ देता, करदे ये उपकार सांवरे
रख ले सेवादार सांवरे रख ले सेवादार

तेरी किरपा हो जाये तो कीर्तन मैं करवाऊं
हाँ कृतं मैं करवाऊं .....
तुझको छप्पन भोगों से मैं बाबा भोग लगाऊं
हाँ बाबा भोग लगाऊं .....
मोरछड़ी का झाड़ा बाबा मुझपे फेहरा दे सांवरे
रख ले सेवादार सांवरे रख ले सेवादार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-tezi-brothers/